भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 455#
गुरूवार, 6 फरवरी, 2025/17 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

"देखो अपना देश"

455# डा. भीम सिंहः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने "देखो अपना देश" पहल के तहत किए गए विभिन्न प्रचारात्मक प्रयासों के परिणामस्वरूप भारतीय नागरिकों में पर्यटन के प्रति जागरूकता और रुचि में वृद्धि देखी है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार ने "देखो अपना देश" पीपुल्स च्वाइस पोल के माध्यम से चयनित पर्यटन स्थलों और श्रेणियों को बढ़ावा देने के लिए कोई विशेष योजनाएं बनाई है, यदि हां, तो इन योजनाओं का क्या प्रभाव पड़ा है और राज्य-वार, पर्यटन स्थल-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ख): पर्यटन मंत्रालय ने देश में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जनवरी 2020 में 'देखो अपना देश' पहल शुरू की थी। इस पहल के तहत, पर्यटन मंत्रालय वेबिनार, क्विज, शपथ, सेमिनार, पर्यटन संबंधी प्रचार कार्यक्रम, परिचायक यात्रा, वेबसाइट, सोशल मीडिया आदि जैसे विभिन्न कार्यकलापों के माध्यम से भारत के पर्यटन स्थलों और उत्पादों का संवर्धन करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने नागरिकों के साथ जुड़ने के उद्देश्य से 'देखो अपना देश पीपुल्स चॉइस पोल' की शुरूआत की ताकि सबसे पसंदीदा पर्यटक स्थलों को चिह्नित किया जा सके। पर्यटन मंत्रालय डिजिटल, सोशल मीडिया, कार्यक्रमों, प्रिंट, आउटडोर, एसएमएस और व्हाट्सएप अभियान आदि सहित विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से पीपुल्स च्वाइस पोल को प्रोत्साहित कर रहा है।

घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

****

अनुबंध

डा. भीम सिंह द्वारा "देखो अपना देश" के संबंध में दिनांक 06.02.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 455# के भाग (क) से (ख) के उत्तर में **विवरण**

घरेलू पर्यटक यात्रा (डीटीवी) की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार सूची

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र**	**डीटीवी 2020**	**डीटीवी 2021**	**डीटीवी 2022**	**डीटीवी 2023**
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	1,91,207	1,26,238	2,35,061	3,23,189
2	आंध्र प्रदेश	7,08,28,590	9,32,77,569	19,27,16,721	25,47,06,328
3	अरुणाचल प्रदेश	42,871	1,02,915	2,22,437	10,40,601
4	असम	12,66,898	14,09,161	83,82,003	76,12,720
5	बिहार	56,38,024	25,01,193	2,53,30,364	8,15,85,701
6	चंडीगढ़	4,17,953	2,28,809	30,27,165	3,65,591
7	छत्तीसगढ़	28,10,227	47,47,417	2,36,36,291	2,60,22,069
8	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र	4,02,395	6,61,222	7,99,602	10,04,327
9	दिल्ली*	95,83,671	1,06,42,477	2,71,86,209	3,94,14,622
10	गोवा	32,58,715	33,08,089	70,11,992	81,75,460
11	गुजरात	1,94,64,517	2,45,25,210	13,58,11,325	17,80,66,579
12	हरियाणा	21,14,731	20,25,450	21,08,496	20,12,162
13	हिमाचल प्रदेश	31,70,714	56,32,270	1,50,70,944	1,59,42,118
14	जम्मू और कश्मीर	25,19,524	1,13,14,920	1,84,99,332	2,06,79,336
15	झारखंड	25,74,704	33,83,642	3,82,84,379	3,57,76,102

16	कर्नाटक	7,74,53,339	8,13,33,659	18,24,13,203	28,41,20,502
17	केरल	49,88,972	75,37,617	1,88,67,414	2,18,71,641
18	लक्षद्वीप	3,462	13,500	22,844	45,796
19	लद्दाख	6,743	3,03,023	5,10,137	7,59,369
20	मध्य प्रदेश	2,35,19,632	2,55,54,067	3,58,48,781	11,19,46,409
21	महाराष्ट्र*	3,92,34,591	4,35,69,238	11,12,97,624	16,13,59,527
22	मणिपुर	49,669	49,371	1,39,518	57,701
23	मेघालय	24,734	1,54,409	9,37,091	13,71,674
24	मिजोरम	30,890	87,232	2,18,420	2,09,087
25	नागालैंड	10,979	23,968	97,431	99,720
26	ओडिशा	46,22,273	37,42,221	78,67,909	97,25,184
27	पुदुचेरी	11,14,942	12,53,213	17,60,480	20,92,076
28	पंजाब	1,66,92,197	2,66,40,429	2,60,89,425	3,57,07,600
29	राजस्थान	1,51,17,239	2,19,88,734	10,83,28,156	17,90,51,925
30	सिक्किम	3,16,408	5,11,669	16,25,573	13,21,169
31	तमिलनाडु	14,06,51,241	11,53,36,719	21,85,84,846	28,60,11,515
32	तेलंगाना	3,99,97,001	3,20,00,620	6,07,48,425	5,84,47,573
33	त्रिपुरा	1,27,815	1,77,816	2,35,600	3,66,104
34	उत्तर प्रदेश	8,61,22,293	10,97,08,435	31,79,13,587	47,85,25,688
35	उत्तराखंड	70,05,264	1,94,34,475	5,46,42,559	5,81,40,578
36	पश्चिम बंगाल	2,88,41,732	2,43,25,984	8,45,42,195	14,56,69,292
	कुलयोग	61,02,16,157	67,76,32,981	1,73,10,13,539	2,50,96,27,035

*अनुमानित आंकड़ें

स्रोत: राज्य/संघ राज्यक्षेत्र पर्यटन विभाग

****